इस दौरान प्रबंध संचालक ने प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कॉन्ट्रैक्टर्स को निर्देशित किया कि आपसी तालमेल बनाकर सभी काम को समय सीमा में पूरा किया जाए। इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात दोनों शिफ्टों में काम कराएं। प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर डिपो में प्रशासनिक भवन सहित इन्स्पेक्शन-बे आदि में चल रहे निर्माण कार्य तथा सिस्टम वर्क का जायजा भी लिया। अधिकारियों से डिपो मे प्राइऑरटी कॉरिडोर के तहत मेट्रो ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए शेष बचे कार्य को शीघ्र पूरा करवाने के लिए निर्देशित किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | स्वदेश | भोपाल | 14.1.25 | 3 | ठेकेदारों को निर्देश , मजदूर बढ़ा कर जल्द पूरा करे काम स्वदेश |

प्रबंध संचालक ने देखा मेट्रो का काम

# ठेकेदारों को निर्देश, मजदूर बढ़ाकर जल्द पूरा करे काम

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा सोमवार को भोपाल मेट्रो सम्पूर्ण कॉरिडोर के तहत एलेवेटेड कोरिडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत सुभाष नगर डिपो से हुई, जहां उन्होंने डिपो में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिसमे आग्ज़िलियरी सब-स्टेशन , ट्रैक्शन सब-स्टेशन, ऐड्डमिन बिल्डिंग में कंट्रोल रूम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं प्रगति समीक्षा की। तत्पश्चात करौंद मेट्रो स्टेशन एवं वायाडक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया एवं अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली, जिसमे अधिकारियों ने बताया की वायाडक्ट के कार्य द्रुत गति से चल रहे है एवं पाइल लोड टेस्ट सफतलतापूर्वक पूर्ण कर पिलर के कार्य भी तेज गति से चल रहे है। साथ ही अन्य स्टेशन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। प्रबंध संचालक द्वारा प्रोजेक्ट से जुड़े सभी ठेकेदारो को निर्देश दिए की आपसी सामंजस्य से तालमेल बनाकर सभी कार्य तय समयसीमा में पूर्ण कर लिए जाएं। प्रबंध संचालक द्वारा कांट्रेक्टर को निर्देश दिए डिपो एवं स्टेशन पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात दोनों शिफ्ट में कार्य किए जाएं। सुभाष नगर डिपो से स्थल निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंध संचालक ने प्रशासनिक भवन, सहित एएसएस-टीसीएस, इन्स्पेक्शन-बे इत्यादि में चल रहे निर्माण कार्य तथा सिस्टम वर्क का अवलोकन किया । चैतन्य ने अधिकारियों से डिपो मे प्राइऑरटी कॉरीडोर के तहत मेट्रो ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए शेष बचे कार्य को यथाशीघ्र पूरा करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्धता के साथ कार्यों को पूरा करने के लिए सुनिश्चित करें, ताकि प्राइऑरटी कोरिडोर मे मेट्रो का संचालन शीघ्र और सुरक्षित रूप से तय समय मे शुरू किया जा सके।



## डिपो के कार्यो का भी किया निरीक्षण

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आज सम्पूर्ण भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के साथ- सुभाष नगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली गई। प्रबंध संचालक के निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | The Hitavada | Bhopal | 15.1.2025 | 1 | Bhopal metro wiring installation to begin soon from Subash Ngr- Aiims |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2025-01-15 | Page- 1
ehitavada.com

# Bhopal Metro wiring installation to begin soon from Subhash Ngr - AIIMS

■ By Aditya Akash

THE work on the priority section of the Bhopal Metro is progressing rapidly. According to Metro officials, the rail tracks have already been laid for a stretch of 15 km, which will be used for both incoming and outgoing trains. The next task is to install the electric wiring, which will provide power to the Metro. Officials have stated that the wiring work is expected to begin soon. This priority section includes 8 stations, which are part of the Orange Line, running from AIIMS to Subhash Nagar Depot. Officials have confirmed that the section is expected to be operational by mid-2025. Besides, Railways authorities have begun work on the pillars for the Karond area, where major construction activities are underway. The district administration has cleared the encroachments along the metro route, which was causing obstruction, and now the work is proceeding smoothly. The 8 stations in the priority section include Subhash Nagar, AIIMS, Rani Kamalapati, Kendriya Vidayalay, DB Mall, MP Nagar, DRM Chauraha, and Alkapuri, and the finishing work is ongoing at some of these stations.

Before the priority section is inaugurated, the Railway Safety Commissioner will conduct an inspection. The Commissioner will review all the elements of the Metro route and provide a safety certificate after the inspection. It is expected that the Commissioner will visit about two months before the scheduled launch date, after which the exact start date will be confirmed.

The second phase of the Bhopal Metro is also progressing rapidly, with operations expected to begin by the end of January or early February 2025. The Madhya Pradesh Government aims to complete both phases of the metro before the state elections in 2028. The state government intends to promote the metro's progress as a key infrastructure achievement during the upcoming elections.

Sources revealed that to address the delays faced in Phase I, the strategy for Phase II has been revised. The new approach involves constructing the entire route simultaneously, which is expected to reduce delays. Phase II, also known as the Blue Line, will extend about 15 km from Bhadbhada Square to Ratnagiri Intersection, with 14 elevated stations. The primary goal of this extension is to improve city connectivity and meet the growing transportation needs.

The State Government has set a target to complete the 31 km Metro network before the 2028 elections. During the 2023 state elections, trial runs were conducted on the priority corridor of Phase I, highlighting the political significance of the Metro Project.



Powered by iDocuments

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 24 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 23.1.2025 | 4 | सोशल मीडिया मोदी और मोहन यादव की दूरदृष्टि का प्रतीक, एमपी मेट्रो बना उदाहरण |

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

# सोशल मीडिया मोदी और मोहन यादव की दूरदृष्टि का प्रतीक, एमपी मेट्रो बना उदाहरण

**रूट डायवर्जन से लेकर अब तक हुए कामों की रियल टाइमिंग भी बता रहा**



भोपाल (आरएनएन)। भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में आज क्या हुआ, निर्माण कार्य के चलते कल से कौन सा रास्ता बंद रहेगा और वैकल्पिक रास्ता कौन सा बनाया गया है? यह सब मेट्रो के सोशल मीडिया हैंडल्स पर पल-पल अपडेट होता है।

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया को सरकारी विभागों के लिए एक अहम माध्यम बना दिया है। इसी पहल को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी प्रभावी रूप से अपनाया है। मुख्यमंत्री यादव जो खुद सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। इसी तर्ज पर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स काम कर रहे हैं। एमपी मेट्रो के दो सेट सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं-एक भोपाल के लिए और दूसरा इंदौर के लिए। दोनों ही प्रोजेक्ट के सोशल मीडिया के अकाउंट्स ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और लिंक्डइन पर उपलब्ध हैं।

## ट्रैफिक डायवर्जन से लेकर मेट्रो ट्रॉयल तक सभी जानकारी होती है अपडेट

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मेट्रो निर्माण से जुड़ी सभी जानकारिया पल-पल अपडेट होती है। इनमें सबसे ज्यादा ट्रैफिक डायवर्जन से जुड़ी जानकारिया शामिल है, जो प्रदेश के लोगो के लिए सबसे ज्यादा काम की साबित होती है। निर्माण के दौरान अगर किसी रूट को डायवर्ड किया जाता है तो इसकी सही जानकारी तुरंत ही सोशल मीडिया हैंडल्स पर उपलब्ध होती है। इस पर लोग आसानी से पता कर सकते है कि आज से कौन का रूट बंद रहेगा और वैकल्पिक रास्ता कौन सा खुला है? एमपी मेट्रो के सोशल मीडिया हैंडल्स पर इसका [illegible] पोस्ट किया जाता है।

## सीधे मेट्रो प्रशासन देता है जानकारी

सोशल मीडिया अपडेट्स की सबसे खास बात यह है कि यह सीधे मेट्रो प्रशासन के माध्यम से जारी किया जा रहा है। इससे इसकी सटीकता और विश्वसनीयता बनती है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मेट्रो के सुरक्षा ट्रायल, नए रूट्स की टेस्टिंग और प्रगति से जुड़ी अन्य घोषणाएं भी साझा की जाती हैं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 24.1.2025 | 4 | भोपाल मेट्रो, राजाभोज, ओरछा का दिखेगा इतिहास |

दैनिक भास्कर भोपाल 24-01-2025

City भास्कर
भोपाल • शुक्रवार, 24 जनवरी 2025





लाल परेड ग्राउंड पर तैयार हो रहीं झांकी... फोटो| अनिल दीक्षित


गणतंत्र दिवस समारोह... लाल परेड ग्राउंड पर इस साल 22 विभागों की झांकियां होंगी शामिल...

# भोपाल मेट्रो, राजाभोज, ओरछा का दिखेगा इतिहास





**सिटी रिपोर्टर|** लाल परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार 22 विभागों की झांकियां शामिल रहेंगी। पिछले साल 11 विभागों की झाकियां शामिल हुई थीं। झांकियों का विषय 'विरासत से विकास' रखा गया है। पहली बार राजा भोज पर केंद्रित झांकी भी शामिल की गई है। डिजिटल इंडिया पर भी झांकियां बनी हैं। पर्यटन विभाग की झांकी में ओरछा का इतिहास दिखेगा। वन विभाग की झांकी में मप्र के टाइगर रिजर्व रातापानी की झलक दिखेगी। नगरीय प्रशासन की झांकी में भोपाल मेट्रो से शहर की बढ़ती विकास यात्रा को दिखाया जाएगा।



## भारत भवन के न्यासी सचिव ने किया स्टूडियो का री-लॉन्च

**सिटी रिपोर्टर|** बहुकला केंद्र भारत भवन में चल रहे सिरेमिक आर्ट स्टूडियो का गुरुवार को री-लॉन्च हुआ। लगभग दो महीने तक चले रिनोवेशन के बाद इस सिरेमिक आर्ट स्टूडियो का शुभारंभ भारत भवन के न्यासी सचिव और प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने किया। भारत भवन का यह सिरेमिक आर्ट स्टूडियो देश के नंबर वन स्टूडियों की श्रेणी में प्रमुख है। भारत भवन की सिरेमिक आर्ट स्टूडियो देश की सिरेमिक कार्यशालाओं के लिए अनूठा उदाहरण बन गई है।

## राष्ट्रीय सम्मान अलंकरण समारोह 26 जनवरी को

**सिटी रिपोर्टर|** संस्कृति विभाग का राष्ट्रीय सम्मान अलंकरण समारोह 26 जनवरी को होगा। इसमें 2022 और 2023 के 7 सम्मानों से प्रदेश व देश की 14 विभूतियां अलंकृत होंगी। इन सम्मानों में राष्ट्रीय इकबाल सम्मान, राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान, राष्ट्रीय कबीर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, राष्ट्रीय देवी अहिल्या बाई सम्मान, राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान, राष्ट्रीय तुलसी सम्मान, राष्ट्रीय नानाजी देशमुख सम्मान प्रदान किए जाएंगे। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि यह सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति के क्षेत्र में सुदीर्घ साधना और उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | The Hitavada | Bhopal | 25.1.2025 | 1 | METRO construction work to be completed |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2025-01-25 | Page- 1
ehitavada.com

# METRO construction work to be completed on time: MD S Krishna Chaitanya

■ Staff Reporter

IN AN inspection visit on Friday, S Krishna Chaitanya, IAS, Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, reviewed the ongoing construction work under the Bhopal Metro Priority Corridor, which includes the AIIMS, Alkapuri, DRM Office, and Rani Kamalapati stations. During the inspection, he emphasised the need to complete the remaining work at the stations as soon as possible, ensuring that the metro services commence safely and on schedule.

Chaitanya closely examined both the internal and external work at the Rani Kamalapati Metro Station and instructed officials to expedite the pending tasks. He also discussed the project's structural quality, safety standards, station design, and aesthetics, urging timely completion to ensure a smooth launch of the metro services.



S Krishna Chaitanya, Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, along with officials during the inspection.

Chaitanya held a review meeting at the Metro office with all contractors to assess the progress of construction activities on the Bhopal Metro Corridor and instructed them to complete the tasks within the stipulated timelines.

The inspection began with a visit to the AIIMS station, where the entry-exit gates on both sides of the AIIMS Hospital and BDA Colony/Complex were examined. Chaitanya also inspected the ongoing work at Alkapuri and DRM Office stations, reiterating the urgency of completing the remaining tasks promptly.

The inspection covered essential areas for Metro operations, including key rooms at the concourse level such as the system room, telecom equipment room, signalling room, station control room, auxiliary sub-station (ASS), ticket room, and storage areas.

The platform level inspection focused on the track, sheds (PEB), and third rail.

The inspection involved senior officials such as Shobhit Tandon, Director (Systems), Ajay Gupta, Director (Projects), Sanjay Singh, General Manager (Civil), N D Shakya, General Manager (E&M), along with officials from various departments, general consultants, and representatives from metro construction contractors.

Powered by iDocuments

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 25.1.2025 | 4 | मेट्रोः एम्स और बीडीए कॉलोनी के दोनों ओर बन रहे एंट्री-एक्सिट गेट |





# मेट्रो: एम्स और बीडीए कॉलोनी के दोनों ओर बन रहे एंट्री-एक्सिट गेट

भोपाल ▪ राज न्यूज नेटवर्क

**एमडी ने कहा, इन्हें जल्दी तैयार करें, ताकि मेट्रो का ट्रायल शुरू हो सके**

एम्स हॉस्पिटल और बीडीए कॉलोनी की दोनों तरफ मेट्रो स्टेशन के एंट्री-एक्सिट गेट का काम अंतिम चरणों मे चल रहा है। शुक्रवार को इसका जायजा लेने पहुंचे मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने मौके पर मौजूद कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियरों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जल्द इस स्टेशन को तैयार करने को कहा, ताकि मेट्रो का ट्रायल आगे बढ़ सके। एमडी ने भोपाल मेट्रो प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस और रानी कमलापति स्टेशन का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार को मेटो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण करने पहुंचे मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर चल रहे अंदरूनी और बाहरी कामों का भी जायजा लिया। मौके पर मौजूद इंजीनियर्स टीम से स्टेशन डिजाइन, अंदरूनी और बाहरी सौंदर्यीकरण पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी काम समय पर पूरा करें। इसके बाद एमडी ने मेट्रो कार्यालय मे सभी कान्ट्रैक्टर के साथ बैठक ली। सबसे पहले एमडी एम्स स्टेशन पहुंचे, जहां एम्स अस्पताल और बीडीए कालोनी कॉम्प्लेक्स के दोनों ओर बन रहे एंट्री-एक्सिट गेट देखे। अलकापूरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन पर चल रहे कामों का निरीक्षण किया। प्लेटफॉर्म लेवल पर टैक, शेड, थर्ड रेल देखी।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | नवदुनिया | भोपाल | 25.1.2025 | | एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर देर रात रखा एफओबी का स्टील फ्रेम |

नवदुनिया
भोपाल, शनिवार, 25 जनवरी, 2025



# एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर देर रात रखा एफओबी का स्टील फ्रेम

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कारिडोर को जुलाई में शुरू करने के मकसद से मेट्रो परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की देर रात को एमपी नगर डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के फ्रेम को जोड़ा गया। यह एफओबी यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक पहुंचाने में मदद करेगा।

वहीं रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच कानकोर्स लेवल का काम भी तेजी से चल रहा है। इससे रेलवे स्टेशन के रेल यात्री के लिए एफओबी के जरिए मेट्रो स्टेशन तक सीधी पहुंच बनाई जा रही है। वहीं शुक्रवार को मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने एम्स, अलकापुरी, डीआरएम आफिस व रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की संरचनात्मक गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों, स्टेशन डिजाइन और सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान दिया।



एमपी नगर डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन पर एफओबी का स्टील ब्रिज रखा गया। ● नवदुनिया

**● मेट्रो सेवा शुरू करने की कवायद तेज, जल्द मिलेगी सौगात**

एमडी ने एम्स स्टेशन पर एंट्री-एग्जिट गेट के काम का जायजा लिया और अन्य स्टेशनों पर निर्माण कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेशनों पर ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक सिस्टम रूम्स, सिग्नलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, प्लेटफार्म लेवल पर ट्रैक और थर्ड रेल जैसे महत्वपूर्ण घटकों का भी निरीक्षण किया गया।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | पत्रिका | भोपाल | 25.1.2025 | 02 | बोर्ड ऑफिस के पास एफओबी तैयार, एमडी ने देखे एंट्री-एग्जिट गेट |



# बोर्ड ऑफिस के पास एफओबी तैयार, एमडी ने देखे एंट्री-एग्जिट गेट

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन के बोर्ड ऑफिस स्टेशन पहुंचने के लिए एफओबी शुक्रवार को स्टेशन से जोड़ दिया। मेट्रो एमडी चैतन्य एस कृष्णा ने भी अपना साप्ताहिक विजिट किया। उन्होंने एम्स स्टेशन पर तैयार हो रहे एंट्री-एग्जिट गेट को देखा व जल्द काम पूरा करने के लिए कहा। स्टेशन पर ट्रेन परिचालन के लिए अभी कमरों का ही निर्माण नहीं हुआ। सिस्टम रूम्स, टेलीकॉम इक्विपमेंट रूम, सिग्नलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, ऑक्जिलरी सब स्टेशन, टिकट रूम, स्टोर रूम व अन्य का निर्माण नहीं होने से यहां इनसे जुड़ी स्थापनाएं नहीं हो पा रही हैं।

## थर्ड रेल पर काम जारी

मेट्रो ट्रेन जिस 750 डीसी थर्ड रेल सिस्टम से दौड़ेगी, उसका ही काम पूरा नहीं हुआ है। एमडी ने इसका निरीक्षण किया। इसके लिए सुभाष डिपो पर अलग से लाइन बिछाई गई है। गोविंदपुरा से अंडरग्राउंड लाइन बिछाकर इसके लिए सब स्टेशन तैयार किया गया।



एम्स स्टेशन पर तैयार हो रहे एंट्री-एग्जिट गेट का निरीक्षण करते मेट्रो एमडी चैतन्य एस कृष्णा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पत्रिका | भोपाल | 28.1.2025 | 02 | मेट्रो ट्रेनः स्टेशन तक यात्रियों की आवाजाही होगी आसान<br>एफओबी का स्ट्रक्चर जोड़ा, आंबेडकर ब्रिज के नीचे से गुजरेंगे मेट्रो के यात्री |

BHOPAL PRIME
भोपाल प्राइम
पत्रिका
भोपाल, मंगलवार, 28 जनवरी 2025
02

मेट्रो ट्रेनः स्टेशन तक यात्रियों की आवाजाही होगी आसान

# एफओबी का स्ट्रक्चर जोड़ा, आंबेडकर ब्रिज के नीचे से गुजरेंगे मेट्रो के यात्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन के बोर्ड ऑफिस रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए लोहे का स्ट्रक्चर जोड़ दिया गया है। स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही इससे सुनिश्चित होगी।

ये पीडब्ल्यूडी के आंबेडकर ब्रिज के नीचे से डाली गई है। यानी यात्री सड़क किनारे से इस एफओबी पर जब चढ़ेंगे तो ब्रिज के बिल्कुल नीचे से होकर स्टेशन के अंदर पहुंच जाएंगे। करीब 17 मीटर लंबाई का स्ट्रक्चर सीढ़ियों व एस्केलेटर से यात्रियों को जोड़ देगा। फरवरी में इसका काम पूरा होने की बात कही जा रही है। जमीन से ये करीब सात मीटर ऊंचाई पर है। इसे भाग को निर्माण के दौरान ही जोड़ा गया है। इसके लिए ठेका एजेंसी ने एक विशेष क्रेन का उपयोग किया। इस ढांचे को जोड़ने की कवायद 24 जनवरी से की जा रही थी।



बोर्ड ऑफिस रेलवे स्टेशन पर लोहे का स्ट्रक्चर जोड़ा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | दैनिक भास्कर | भोपाल | 28.1.2025 | 03 | एफओबी का फ्रेम लगा, डीबी मॉल से सीधे एमपी नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेंगे |

दैनिक भास्कर भोपाल 28-01-2025 Pg-03

दैनिक भास्कर | भोपाल

**फायदा:** सड़क पार करने की जरूरत नहीं होगी, सीधे आ-जा सकेंगे, मार्च के पहले सप्ताह तक पूरा कर लेने का दावा

# एफओबी का फ्रेम लगा, डीबी मॉल से सीधे एमपी नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेंगे

## डीबी मॉल की तरफ उतरने-चढ़ने के लिए सीढ़ी, एस्केलेटर लगेंगे

इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

एमपी नगर के बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन के कॉन्कोर्स को डीबी मॉल से जोड़ने के लिए फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का फ्रेम रखा गया है। अभी मेट्रो स्टेशन की तरफ से एफओबी का स्ट्रक्चर रखा गया है। डीबी मॉल की तरफ उतरने के लिए सीढ़ी के साथ लिफ्ट और एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे। इससे मेट्रो स्टेशन और डीबी मॉल से एक दूसरे पर आने-जाने में लोगों को आसानी होगी। लोगों को सड़क पार करने की जरूरत नहीं होगी। यह फ्रेम डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज के नीचे से बनाया गया है।



एमपी नगर में मेट्रो स्टेशन से इस तरह डीबी सिटी मॉल को जोड़ा जाएगा। इसके बाद सड़क से होकर नहीं निकलना पड़ेगा।

**सड़क से ऊंचाई करीब 10 मीटर**

## बारिश से बचने रूफ शीट भी लगेगी

फ्रेम रखने के बाद अब इस पर कंक्रीट और टाइल्स यानी फिनिशिंग का काम किया जाएगा। फ्रेम के ऊपर बारिश से बचने के लिए रूफ सीट भी लगाई जाएगी। एफओबी करीब 25 मीटर लंबर और करीब 4 मीटर चौड़ा है। फ्रेम के साथ दूसरी तरफ उतरने के लिए लिफ्ट, सीढ़ी और एस्केलेटर का काम एक साथ चलेंगे। इसके फरवरी के अंत और मार्च के अंदर पूरा होने की संभावना है। सड़क से ऊंचाई करीब 10 मीटर है। मेट्रो स्टेशन का यह दूसरा एंट्री-एग्जिट पॉइंट होगा। मेट्रो स्टेशन जाने या इससे बाहर आने के लिए एफओबी बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 28.1.2025 | 5 | डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन से ज़ुड़ेगा फ़ुटओवर ब्रिज |



दूसरे स्ट्रक्चर का काम भी शुरू, एफओबी का फरवरी तक पूरा हो जाएगा निर्माण

# डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा फुटओवर ब्रिज

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क





राजधानी के एमपी नगर स्थित डीबी मॉल से मेट्रो स्टेशन से फुटओवर ब्रिज (एफओबी) के जरिये आप स्टेशन से उतरकर सीधे डीबी मॉल आ-जा सकेंगे। सोमवार को दूसरे स्ट्रक्चर का काम भी शुरू हो गया। इस पहले ब्रिज के एक स्ट्रक्चर को पिलर पर रख दिया गया है। फरवरी माह में इस एफओबी का काम पूरा होने की बात कही गई है। यह एफओबी मौके पर ही असेंबल किया गया। इसके बाद बड़ी क्रेन की मदद से इसे सीमेंट के स्ट्रक्चर पर रखा गया है। मालूम हो कि मेट्रो स्टेशन की एंट्री-एग्जिट बनाने के लिए सुभाष नगर और रानी कमलापति स्टेशन पर भी इस तरह के एफओबी बनाए जा रहे हैं, लेकिन डीबी सिटी मॉल स्टेशन पर एक बड़ी तकनीकी परेशानी जीजी फ्लाईओवर भी थी। फुटओवर ब्रिज से लोग मेट्रो स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे और सीधे डीबी मॉल में जा सकेंगे। इस स्ट्रक्चर के नीचे सड़क है। वहीं, ऊपर डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज (जीजी फ्लाईओवर) है। ऐसे में एफओबी के ऊपर और नीचे से गाड़ियां गुजर सकेंगी। मेट्रो के अधिकारियों के अनुसार, डीबी सिटी स्टेशन का यह दूसरा एंट्री-एग्जिट पॉइंट होगा। जिसे स्टेशन की विपरीत दिशा में सड़क के दूसरी ओर (डीबी सिटी मॉल तरफ) बनाया जा रहा है। स्टेशन और एंट्री-एग्जिट बिल्डिंग को फुटओवर ब्रिज से जोड़ा जाएगा। मेट्रो स्टेशन जाने या इससे बाहर निकलने के लिए यात्रियों को इसी एफओबी से होकर गुजरना पड़ेगा।

## एफओबी सड़क से सात मीटर ऊपर, 20 मीटर लंबा

एफओबी करीब 20 मीटर लंबा है, जो जीजी फ्लाईओवर से डेढ़ मीटर नीचे और सड़क से करीब 7 मीटर ऊपर बनाया गया है। मालूम हो कि मेट्रो स्टेशन की एंट्री-एग्जिट बनाने के लिए सुभाष नगर और रानी कमलापति स्टेशन पर भी इस तरह के एफओबी बनाए जा रहे हैं, लेकिन डीबी सिटी मॉल स्टेशन पर एक बड़ी तकनीकी परेशानी जीजी फ्लाईओवर भी थी। जानकारी के मुताबिक आरडीएसओ टीम जल्द ही भोपाल आ सकती है। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) रेलवे की एक संस्था है। इसका मुख्यालय लखनऊ (उप्र) में है। किसी भी शहर में मेट्रो चलाने से पहले कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी टीम निरीक्षण करती है। यह आरडीएसओ की रिपोर्ट देखती है। आरडीएसओ टीम जल्द ही भोपाल आ सकती है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | स्वदेश ज्योति | भोपाल | 30.1.2025 | | एस कृष्ण चेतन ने देखा मेट्रो भोपाल का काम समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश |

स्वदेश ज्योति

भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण

# एस कृष्ण चेतन ने देखा मेट्रो भोपाल का काम समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा बुधवार को भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुभाष नगर से रानीकमलापति स्टेशन एवं सुभाष नगर डिपो का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सुभाष नगर डिपो से स्थल निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंध संचालक ने डिपो मे चल रहे विभिन्न सिविल तथा सिस्टम के कार्यों का निरीक्षण किया एवं विस्तृत चर्चा की तथा कार्यों को तय समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो परिचालन के सबसे महत्वपूर्ण अवयव यानि डिपो मे स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-2 विभिन्न सिस्टम रूम का अवलोकन किया। डिपो मे बाउन्ड्री वॉल, रोड डेवलपमेंट के कार्य, आरबीएल, आईबीएल सब-स्टेशन इत्यादि की प्रगति की जानकारी ली एवं स्थलीय निरीक्षण किया।

## सुभाष नगर से रानी कमलापति तक बने स्टेशनों के बारे में ली जानकारी

कॉर्पोरेशन द्वारा बुधवार को भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कोरिडोर के तहत (सुभाष नगर से रानीकमलापति मेट्रो स्टेशन) एवं सुभाष नगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली गई प्रबंध संचालक के निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), संजय सिंह महाप्रबंधक (सिविल), विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## एम्स से सुभाष नगर वाले हिस्से का काम समय पर पूरा हो

प्रबंध संचालक द्वारा कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए की जहां निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है, वहाँ रोड़ कन्स्ट्रक्शन इत्यादि कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। साथ ही विभिन्न स्टेशन पर चल रहे आंतरिक एवं बाहरी कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं शेष बचे कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के लिए समय की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रबंध संचालक ने सभी स्टेकहोल्डर्स को पहली कड़ी में शुरू होने वाले सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन तक के सूक्ष्म निर्माण पहलुओं को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए।

Bhopal Main-Edition Edition
Jan 30, 2025 Page No. 3
Powered by: erelego.com

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | Times of IIndia | Bhopal | 30.1.2025 | 2 | MPMRCL MD takes stock of metro priority coridor |

Pg-02

TIMES CITY
THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | THURSDAY, JANUARY 30, 2025

# MPMRCL MD takes stock of Metro priority corridor

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** S Krishna Chaitanya, managing director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Ltd (MPMRCL), conducted a comprehensive site inspection of the Bhopal metro priority corridor, spanning from Subhash Nagar to Ranikamalapati Station and Subhash Nagar Depot.

The inspection commenced at Subhash Nagar Depot, where he reviewed various civil and system works in progress. He emphasised the swift completion of the secondary entry-exit at Board Office metro station, which will connect to the station's concourse level via a foot over bridge (FoB). He also reviewed ongoing internal and external works at various stations, emphasising prompt completion of remaining tasks.

Addressing all stakeholders, he stressed the importance of completing minor construction aspects from Subhash Nagar to AIIMS Metro Station in the initial phase according to the schedule.

The inspection included participation from officers and consultant representatives, with senior contractor representatives.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 35 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 30.1.2025 | 5 | मेट्रो के स्टशनों में कैसे वर्क कर रहीं मशीनें, एमडी ने देखीं |





# मेट्रो के स्टेशनों में कैसे वर्क कर रहीं मशीनें, एमडी ने देखीं

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

बुधवार को मेट्रो प्रोजेक्ट के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन और सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। इस दौरान डिपो मे चल रहे सिविल और सिस्टम के काम देखते हुए मशीनों के वर्क करते हुए देखा। वहीं डिपो में बने कंट्रोल रूम के साथ सिस्टम रूम का जायजा लिया। डिपो में बाउंड्री वॉलख रोड डेवलपमेंट के कार्य और सब-स्टेशन की जानकारी ली। मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन पहुंचकर वहां बन रहे दूसरे एंट्री-एक्सिट और फुट ओवर ब्रिज के काम देखे। एमडी ने कहा कि जहां निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं, वहां रोड कन्स्ट्रक्शन के काम जल्द पूरा करें। इसके अलावा सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन तक के काम पूरे करने को कहा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 36 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 30.1.2025 | 3 | मेट्रो स्टेशन पर बने एफओबी से जुड़ेगा कॉनकोर्स लेवल |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 3 January 30, 2025

# मेट्रो स्टेशन पर बने एफओबी से जुड़ेगा कॉनकोर्स लेवल

## एमडी ने सुभाष नगर से एम्स रूट का जायजा लिया



एमडी ने टीम के साथ बुधवार को मेट्रो रूट का जायजा लिया।

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में प्रायोरिटी कॉरिडोर यानी सुभाष नगर से एम्स रूट पर मेट्रो कॉमर्शियल रन की नई डेड लाइन जुलाई तय की गई है। लिहाजा रूट पर दिन-रात काम किया जा रहा है।

इस कड़ी में बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन पर बन रहे फुटओवर ब्रिज (एफओबी) को कॉनकोर्स लेवल से जोड़ा जाएगा। छह दिन पहले एफओबी का फ्रेम स्टेशन से जोड़ा जा चुका है। इसका जायजा लेने बुधवार को मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक और सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। एमडी ने डिपो में सिविल और सिस्टम कार्यों की समीक्षा की और जहां निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, वहां सड़क निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मेट्रो स्टेशनों पर आंतरिक और बाहरी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। वहीं रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर सिस्टम रूम, टेलीकॉम इक्विपमेंट रूम, सिग्नलिंग रूम, कंट्रोल रूम का जायजा लिया। प्लेटफॉर्म लेवल पर ट्रैक, शेड और थर्ड-रेल के कार्य भी देखे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 37 | नवदुनिया | भोपाल | 30.1.2025 | 02 | बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन को फुटओवर ब्रिज से जोड़ने का काम हुआ तेज |



# बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन को फुटओवर ब्रिज से जोड़ने का काम हुआ तेज

## जुलाई तक मेट्रो को चलाने का रखा गया है लक्ष्य

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर को जुलाई तक शुरू करने के उद्देश्य से सभी निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोर्ड आफिस पर बन रहे मेट्रो स्टेशन को उसके समानांतर बन रहे फुटओवर ब्रिज (एफओबी) को कानकोर्स लेवल (एक सतह पर) से जोड़ने का काम तेजी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 23 जनवरी को एफओबी का फ्रेम स्टेशन से जोड़ा गया था, जिसके बाद अब बाकी बचे कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक और सुभाष नगर डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने डिपो में चल रहे विभिन्न सिविल और सिस्टम कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, वहां सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने मेट्रो स्टेशनों पर आंतरिक और बाहरी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेकहोल्डर्स को सूचित किया कि प्रायोरिटी कारिडोर के पहले चरण में सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन तक के सभी सूक्ष्म निर्माण कार्य तय समय पर पूरे किए जाएं। वहीं, रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन पर उन्होंने सिस्टम रूम, टेलीकाम इक्विपमेंट रूम, सिग्नलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट रूम और स्टोर का जायजा लिया। प्लेटफार्म लेवल पर ट्रैक, शेड और थर्ड-रेल के कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर शोभित टंडन, अजय गुप्ता, संजय सिंह समेत अन्य अधिकारी, जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन पर प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य निरीक्षण करते हुए। ● नवदुनिया

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | राष्ट्रीय हिंदी मेल | भोपाल | 30.1.2025 | 3 | रेलवे अधिकारियों ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण |


इंद्रधनुष पब्लिकेशन प्रकाशन

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

न दबाव, न भेदभाव

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दिनांक- 30/01/2025 पृष्ठ क्रमांक- 3 संस्करण- भोपाल प्रधान संपादक- विजय कुमार दास


## रेलवे अधिकारियों ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



भोपाल। राजधानी के सुभाष नगर डिपो से स्थल निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबंध संचालक ने डिपो मे चल रहे विभिन्न सिविल तथा सिस्टम के कार्यों का निरीक्षण किया एवं विस्तृत चर्चा की तथा कार्यों को तय समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो परिचालन के सबसे महत्वपूर्ण अवयव यानि डिपो मे स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-2 विभिन्न सिस्टम रूम का अवलोकन किया। डिपो में बाउन्ड्री वॉल, रोड़ डेवलपमेंट के कार्य, RBL,IBL, सब-स्टेशन इत्यादि की प्रगति की जानकारी ली एवं स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन पर बन रहे दूसरे एंट्री-एक्सिट जो कि फुट ओवर ब्रिज के जरिए स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर जुड़ेगा उसको शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक ने कॉन्ट्रैक्टर को निर्देश दिए कि जहां निर्माण कार्य पूर्ण हो गए है, वहाँ रोड़ कन्स्ट्रक्शन इत्यादि कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करे। साथ ही विभिन्न स्टेशन पर चल रहे आंतरिक एवं बाहरी कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं शेष बचे कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेट्रो प्रोजेक्ट निर्माण के लिए समय की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रबंध संचालक ने सभी स्टेकहोल्डेर्स को पहली कड़ी मे शुरू होने वाले सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन तक के सूक्ष्म निर्माण पहलुओं को ससमय पूरा करने के निर्देश दिये।


Date: 30/01/2025, Page: 3, City: Bhopal
Web: rashtriyahindimail.com

राष्ट्रीय हिन्दी मेल

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | स्वतंत्र समय | भोपाल | 30.1.2025 | 03 | प्रबंध संचालक ने मेट्रो डिपो में चल रहे विभिन्न सिविल तथा सिस्टम के कार्यों का निरीक्षण किया, दिये जरूरी निर्देश |

स्वतंत्र समय

भोपाल 03

गुरुवार 30 जनवरी 2025

# प्रबंध संचालक ने मेट्रो डिपो में चल रहे विभिन्न सिविल तथा सिस्टम के कार्यों का निरीक्षण किया, दिये जरूरी निर्देश



**भोपाल।** एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा भोपाल मेट्रो प्रयोरिटी कोरिडोर के तहत (सुभाष नगर से रानीकमलापति मेट्रो स्टेशन) एवं सुभाष नगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली गई। प्रबंध संचालक के निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), संजय सिंह महाप्रबंधक (सिविल), विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 | पत्रिका | भोपाल | 30.1.2025 | 3 | मेट्रो एमडी का निरीक्षण... बोले, जहां मेट्रो के काम पूरे, वहां की सड़कें खोलें |


माय सिटी 03 पत्रिका
भोपाल, गुरुवार, 30 जनवरी 2025

**एमपी नगर से लेकर अल्कापुरी और एम्स तक बंद है रोड**

# मेट्रो एमडी का निरीक्षण...बोले, जहां मेट्रो के काम पूरे, वहां की सड़कें खोलें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन व सुभाष नगर डिपो का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां सिविल व सिस्टम के कामों को देखा। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए, जहां मेट्रो से जुड़ा काम पूरा हो जाए, वहां की सड़क को दुरुस्त कर उसे आम आवाजाही के लिए खोले, ताकि ट्रैफिक की बाधा खत्म हो। एमपी नगर से लेकर अल्कापुरी, एम्स तक मेट्रो काम से रोड बंद है। बता दें कि मेट्रो की अंडर ग्राउंड लाइन को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।



## ये निर्देश भी दिए

- डिपो मे स्थापित कंट्रोल रूम के साथ- विभिन्न सिस्टम रूम का अवलोकन किया।
- डिपो में बाउन्ड्रीवॉल, रोड डेवलपमेंट के काम के साथ सब-स्टेशन का काम जल्द पूरा करने का कहा।
- बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन पर दूसरे एंट्री-एक्सिट के लिए एफओबी के जरिए स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर जोड़ने का काम जल्द पूरा करने कहा।